मुख्य समाचार :–

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार, सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि के मंत्र के साथ राज्य के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।**
- **सरकार ने रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने के लिए प्रवासी पंचायतों का राज्यभर में आयोजन किए जाने के निर्देश दिए।**
- **मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में राज्य के पर्वतीय इलाकों में बारिश और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना व्यक्त की।**
- **भारत – दक्षिण अफ्रीका के बीच पांचवां और अंतिम ट्वेंटी–ट्वेंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज अहमदाबाद में खेला जाएगा।**

**सम्पूर्णता अभियान**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार– सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि के मंत्र के साथ राज्य के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। आज देहरादून में आयोजित सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल और हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की शीतकालीन यात्रा और 'वेड इन उत्तराखंड' का आह्वान प्रदेश के पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला एक ऐतिहासिक कदम है।

**प्रवासी पंचायत**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने के लिए प्रवासी पंचायतों का राज्यभर में आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। जिनमें देश विदेश में कार्यरत प्रवासियों को आमंत्रित कर उन्हें राज्य सरकार की रिवर्स पलायन से जुड़ी पहलों की जानकारी देकर उनके सुझाव लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने आज देहरादून में मुख्यमंत्री आवास में ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग, उत्तराखण्ड की 10वीं बैठक की अध्यक्षता ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पलायन की समस्या राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती रही है, लेकिन पिछले चार–पाँच वर्षों में रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने की दिशा में राज्य सरकार ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। श्री धामी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका के साधन बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएँ लागू की गई हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत ऋण लेने पर पात्र लाभार्थियों को अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है।

**राज्य लोक सेवा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हैदराबाद में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भर्ती करते समय लोक सेवा आयोगों को ईमानदारी और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि राजनीतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में देश को आगे ले जाने में लोक सेवकों की अहम भूमिका है।

**हेल्थ कैंप**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत रुद्रप्रयाग जिले ऊखीमठ में ब्लाक स्तरीय मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें जन्म से 18 वर्ष तक के 188 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डा. राम प्रकाश ने शिविर आयोजन के उद्देश्य तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वस्थ समाज के लिए निरंतर कार्य किया जा

रहा है। जिसकी कड़ी में बाल स्वास्थ्य को लेकर मल्टी स्पेशियलिटी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जनमानस को स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

**सर्दी**

प्रदेश में वर्ष 2025 के समापन के साथ ही ठंड में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। शुष्क मौसम के बीच मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और हल्द्वानी सहित तराई–भाबर क्षेत्र में सुबह और शाम के समय तेज ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार देहरादून और ऊधमसिंह नगर में ठंड का असर मुक्तेश्वर और नई टिहरी की तुलना में अधिक दर्ज किया जा रहा है। हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

घटती दृश्यता के कारण सड़क, रेल और हवाई सेवाओं पर भी असर पड़ा है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉक्टर सी.एस. तोमर ने बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के पर्वतीय इलाकों में बारिश और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है।

सर्दियों के मौसम में शीत लहर से बेसहारा, असहाय और गरीब लोगों को राहत देने के लिए हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में बने रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरों में साफ–सफाई, हीटर, बिस्तर और अन्य सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए तथा चादर और रजाई कवर की नियमित धुलाई सुनिश्चित करने को कहा।

**क्रिकेट**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांचवां और अंतिम ट्वेंटी–ट्वेंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज अहमदाबाद में खेला जाएगा। मैच शाम सात बजे से शुरू होगा। श्रृंखला में भारतीय टीम 2–1 से आगे है।

**अंग्रेजी भाषा मेला**

अल्मोड़ा जिले के शासकीय विद्यालयों की जूनियर कक्षाओं के छात्रों के लिए दो दिवसीय अंग्रेजी भाषा मेला आयोजित किया गया। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान की प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपा जलाल ने बताया कि इस भाषा मेले के आयोजन का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के बच्चों को अंग्रेजी भाषा के प्रति प्रोत्साहित करना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने अंग्रेजी भाषा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

**विद्युत राजस्व वसूली**

उत्तरकाशी जिले में विद्युत वितरण खंड बड़कोट के अंतर्गत विद्युत राजस्व वसूली के सतत लक्ष्यों पर जोर दिया गया है। इस संबंध में विद्युत वितरण मंडल चकराता के अधीक्षण अभियंता ई. युद्धवीर सिंह तोमर ने समीक्षा बैठक कर बड़कोट खंड के अंतर्गत विद्युत वितरण उपखंड बड़कोट और पुरोला की प्रगति की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता ने आगामी मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए वृहद स्तर पर शिविर आयोजित करने और वर्षों से लंबित बकायेदारों के स्थायी विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही अवर अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि विद्युत लाइनों पर कार्य कर रहे कार्मिक सुरक्षा के मद्देनजर टी एंड पी का प्राथमिकता के साथ उपयोग करें।

**आरोग्य मंदिर**

नैनीताल जिले के नगर निगम हल्द्वानी क्षेत्र में आज दो स्थानों पर आरोग्य मंदिरों का मेयर गजराज बिष्ट और नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने विधिवत शुभारंभ किया। आरोग्य मंदिरों का उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर मेयर गजराज बिष्ट ने बताया कि हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में कुल 10 आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे, जहां डॉक्टरों और उनकी टीम लोगों का निःशुल्क उपचार करेंगे। इस मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे आमजन को समय पर उपचार मिल सकेगा।